# पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी

## प्रीलिम्स के लिये:

**पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम कंप्यूटिंग, रिवेस्ट-शमीर-एडलमैन, ECC एलिप्टिक कर्व क्रिप्टोग्राफी, डिफी-हेलमैन, क्वांटम बिट्स**

## मेन्स के लिये :

पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, संबंधित चुनौतियाँ और आगे की राह

## चर्चा में क्यों?

कंप्यूटिंग ने बैंकिंग से लेकर युद्ध क्षेत्र तक मानव सभ्यता के विभिन्न पहलुओं को परिवर्तित कर दिया है।क्वांटम कंप्यूटिंग के उद्गम ने **भविष्य में कंप्यूटर सुरक्षा** पर इसके प्रभाव के बारे में चिंताएँ बढ़ा दी हैं।

## क्वांटम कंप्यूटिंग:

- **परिचय:**
  - क्वांटम कंप्यूटिंग **एक तेज़ी से उभरती हुई तकनीक है** जो पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में बहुत जटिल समस्याओं को हल करने हेतु **क्वांटम यांत्रिकी के नियमों का** उपयोग करती है।
  - क्वांटम यांत्रिकी **भौतिकी की उपशाखा है जो क्वांटम के व्यवहार का वर्णन करती है जैसे** - परमाणु, इलेक्ट्रॉन, फोटॉन और आणविक एवं उप-आणविक क्षेत्र।
  - यह अवसरों से परिपूर्ण नई तकनीक है जो हमें विभिन्न संभावनाएँ प्रदान करके **भविष्य में हमारी दुनिया को आकार देगी।**
  - यह वर्तमान के पारंपरिक कंप्यूटिंग प्रणालियों की तुलना में सूचना को मौलिक रूप से संसाधित करने का एक अलग तरीका है।
- **विशेषताएँ:**
  - जबकि वर्तमान में पारंपरिक कंप्यूटर **बाइनरी 0 और 1 स्थिति** के रूप में जानकारी संग्रहीत करते हैं, क्वांटम कंप्यूटर **क्वांटम बिट्स (क्यूबिट्स/Qubits)** का उपयोग करके गणना करने के लिये प्रकृति के मौलिक नियमों का उपयोग करते हैं।
  - एक बिट के विपरीत एक **क्यूबिट**, जिसे **0 या 1** होना चाहिये, राज्यों के संयोजन में हो सकता है जो तेज़ी से **बड़ी गणनाओं की अनुमति देता है तथा उन्हें जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता प्रदान करता है** जिसमें सबसे शक्तिशाली पारंपरिक सुपर कंप्यूटर भी सक्षम नहीं हैं।




//

- **महत्त्व:**
  - क्वांटम कंप्यूटर जानकारी में हेर-फेर करने के लिये **क्वांटम मैकेनिकल घटना (Quantum Mechanical Phenomenon)** का

उपयोग कर सकते हैं और उनसे आणविक तथा रासायनिक अंत:क्रिया की प्रक्रियाओं **पर प्रकाश डालने,** जटिल समस्याओं का अनुकूल समाधान करने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता को बढ़ावा देने **की अपेक्षा** की जाती है।
  - ये नई वैज्ञानिक खोजों, जीवन रक्षक औषधियों एवं **आपूर्ति शृंखलाओं**, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय डेटा के मॉडलिंग **में प्रगति** का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

## क्वांटम कंप्यूटिंग की पोस्ट क्वांटम चिंताएँ:

- **वर्तमान सुरक्षा तकनीकों में कमज़ोरियाँ:**
  - वर्तमान सुरक्षा उपाय, जैसे कि **RSA (रिविस्ट-शमीर-एडलमैन/ Rivest- Shamir- Adleman), ECC (एलिप्टिक कर्व्स क्रिप्टोग्राफी/Elliptic Curves Cryptography)** और डिफी-हेलमैन की एक्सचेंज (Diffie-Hellman Key Exchange), "कठिन" गणितीय समस्याओं पर निर्भर करते हैं जिनका समाधान **शोर के क्वांटम एल्गोरिदम (Shor's Quantum Algorithm)** द्वारा किया जा सकता है।
    - वर्ष 1994 में **पीटर शोर** ने एक **क्वांटम एल्गोरिदम** विकसित किया जो (कुछ संशोधनों के साथ) इन सभी सुरक्षा उपायों का आसानी से समाधान कर सकता है।
  - क्वांटम कंप्यूटिंग में विकास के साथ ही मौजूदा सुरक्षा उपाय **कमज़ोर होते जाएंगे, जिससे वैकल्पिक तकनीकों की खोज की आवश्यकता** होगी।

## नोट:

- RSA **एक व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिदम है और आधुनिक कंप्यूटर** सुरक्षा के मूलभूत निर्माण खंडों में से एक है। **RSA** का उपयोग मुख्य रूप से सुरक्षित संचार तथा डेटा एन्क्रिप्शन के लिये किया जाता है, जो विभिन्न अनुप्रयोगों में गोपनीयता एवं प्रमाणीकरण प्रदान करता है।
- **एलिप्टिक कर्व क्रिप्टोग्राफी (ECC)** एक आधुनिक और व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली क्रिप्टोग्राफिक तकनीक है जो विभिन्न **कंप्यूटर सुरक्षा अनुप्रयोगों के लिये सुरक्षा तथा दक्षता** प्रदान करती है।
- **डिफी-हेलमैन (DH)** एक कुंजी विनिमय एल्गोरिदम है जिसका उपयोग एक असुरक्षित चैनल पर दो पक्षों के बीच एक **शेयर्ड सीक्रेट की** (**Shared Secret Key) स्थापित** करने के लिये किया जाता है। इसे वर्ष 1976 में **व्हिटफील्ड डिफी (Whitfield Diffie)** और मार्टिन हेलमैन द्वारा पेश किया गया था तथा इसे आधुनिक **पब्लिक की** (**Public-Key)** क्रिप्टोग्राफी के मूलभूत निर्माण खंडों में से एक माना जाता है।

- **मापनीयता और व्यावहारिकता:**
  - विशिष्ट हार्डवेयर की आवश्यकता और सख्त पर्यावरणीय बाधाओं के कारण क्वांटम क्रिप्टोग्राफी सिस्टम को **बड़े नेटवर्क पर लागू करना एवं मापना चुनौतीपूर्ण** हो सकता है।
- **लंबी दूरी पर क्वांटम की (Key) वितरण:**
  - क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (Quantum Key Distribution) जैसी क्वांटम क्रिप्टोग्राफी प्रणालियों को **उस दूरी के संदर्भ में सीमाओं का सामना** करना पड़ता है जिस पर सिक्योरिटी की (Security keys) वितरित की जा सकती हैं। **क्वांटम क्रिप्टोग्राफी शोधकर्त्ताओं** के लिये इन Keys के वितरण की सीमा का विस्तार एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है।
- **क्वांटम नेटवर्क अवसंरचना/बुनियादी ढाँचा:**
  - क्वांटम क्रिप्टोग्राफी के विकास के लिये एक मज़बूत क्वांटम नेटवर्क बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना एक **जटिल कार्य** है।
  - इसमें क्वांटम सूचना के सुरक्षित प्रसारण को सुनिश्चित करने के लिये अन्य घटकों के बीच विश्वसनीय **क्वांटम रिपीटर्स, क्वांटम राउटर और क्वांटम मेमोरी** का विकास करना शामिल है।
- **हाइब्रिड विश्व में क्वांटम क्रिप्टोग्राफी:**
  - हाइब्रिड संचार परिदृश्य, **जिसमें क्वांटम और पारंपरिक संचार प्रणालियाँ सह-अस्तित्व में हैं,** पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी अधिक प्रचलित होने के साथ ही विकसित होने लगेंगी।
  - इन प्रणालियों के बीच निर्बाध एकीकरण और सुरक्षित संचार सुनिश्चित करना एक चुनौती है।

## आगे की राह

- पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी में क्वांटम हमलों के प्रति कमज़ोरियों का मुकाबला करने के लिये **वैकल्पिक क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों पर शोध** किया जाता है।
- संभावित रूप से भविष्य की क्वांटम खामियों का फायदा उठाने के लिये संदेशों को रिकॉर्ड करने वाले हमलावरों के कारण इस क्षेत्र का महत्त्व और अधिक बढ़ गया है।
- चूँकि व्यावहारिक और खतरनाक क्वांटम कंप्यूटर का विकास अभी दशकों दूर है, **क्वांटम भविष्य के लिये तैयार रहना अभी से ही आवश्यक है।** संवेदनशील डेटा और डिजिटल बुनियादी ढाँचे की सुरक्षा के लिये सरकारों, संगठनों तथा व्यक्तियों को पहले से ही क्वांटम हमलों के खिलाफ सुरक्षित प्रौद्योगिकियों के विकास पर कार्य करना चाहिये।
- पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी के क्षेत्र में तेज़ी से विकास हो रहा है, जिसके लिये क्वांटम हमलों का सामना करने में सक्षम **ठोस सुरक्षा उपायों को विकसित करने के लिये निरंतर अनुसंधान और सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है**। क्वांटम युग में डेटा को सुरक्षित रखने तथा डिजिटल बुनियादी ढाँचे की अखंडता को बनाए रखने हेतु **क्वांटम-सुरक्षित प्रौद्योगिकियों के लिये एक सक्रिय एवं सावधानी पूर्वक नियोजित संक्रमण काफी महत्त्वपूर्ण** होगा।

सरोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/post-quantum-cryptography